## खबर संक्षेप

### मैहर में प्रभारी मंत्री ने किया फल वितरण



**मैहर।** मध्यप्रदेश शासन की पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने सोमवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान सिविल अस्पताल मैहर में मरीजों को फल वितरित किया। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा।

### दादावाड़ी में बड़ी पूजा संपन्न

**सतना।** श्री श्वेताम्बर जैन संघ ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री आदिनाथ जीनालय गांधी चौक पर दादावाड़ी में विराजमान दादा श्री जिनकुशल सूरी जी की बड़ी पूजा सोमवार 6 अप्रैल को पूज्य साध्वी भगवंत कनक प्रभा श्री जी की निश्रा में आयोजित की गई। श्री श्वेताम्बर जैन संघ ट्रस्ट के प्रचार प्रमुख संदीप कुमार जैन ने बताया कि जिनालय पुनर्निर्माण के पश्चात दादावाड़ी में प्रथम बार यह बड़ी पूजा का संगीतमय आयोजन किया गया था। पूजा के लाभार्थी पारेख चुन्नीलाल जीवराज परिवार ने सभी भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया है। पूजा में प्रदीप पारेख,भूपेंद्र पारेख,नरेंद्र शाह,नितिन पारेख,संजय बोरा,भारत शाह,अमित शाह, किरन वोरा,अजय वोरा सहित बड़ी संख्या मे मातृ शक्ति की उपस्थिति रही ।

### विकास पर चढ़ाई जा रही भ्रष्टाचार की परतः प्रभात

**मैहर।** देवी जी मार्ग पर लगभग 17 करोड़ रुपए की लागत से बन रही सड़क निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही दम तोड़ता नजर आ रहा है। जगह-जगह सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी है,वहीं ठेकेदार द्वारा बैरिकेडिग लगाकर लीपापोती और मरम्मत के नाम पर मलहम-पट्टी का काम किया जा रहा है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने एक बार फिर इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया है। उन्होंने सरकार और प्रशासन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि करोड़ों की लागत से बन रही सड़क की यह स्थिति विकास की सच्चाई उजागर कर रही है। श्री द्विवेदी ने जिला कलेक्टर से लोक निर्माण विभाग के तहत चल रहे इस निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने जनता से भी अपील की है कि वे सरकार और जनप्रतिनिधियों से जवाब मांगें।अब सवाल यह है कि करोड़ों की लागत वाली सड़क आखिर इतनी जल्दी क्यों उखड़ने लगी? क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी मरम्मत के नाम पर दबा दिया जाएगा?

### पश्चिम मध्य रेल की गर्मियों के लिए 'समर स्पेशल' ट्रेनों की सौगात

**सतना।** गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की भारी भीड़ और सुविधा को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने अप्रैल से जुलाई 2026 तक कई रूटों पर विशेष साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। यह पहल जबलपुर,रीवा और रानी कमलापति स्टेशनों से विभिन्न प्रमुख शहरों के लिए की गई है। रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि जबलपुर से अयोध्या धाम (21अप्रैल से),पुणे (19अप्रैल से),बांद्रा टर्मिनस (17 अप्रैल से) और कोयंबटूर (18 अप्रैल से) के लिए साप्ताहिक विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी। इसी तरह रीवा से सीएसएमटी (मुंबई) के बीच 17 अप्रैल से और रानी कमलापति (भोपाल) से अगरतला के बीच भी 17अप्रैल से साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। ये ट्रेनें विशेष किराये के साथ आरक्षित और अनारक्षित दोनों श्रेणियों में उपलब्ध होंगी। यात्री इन ट्रेनों के विस्तृत समय-सारणी और ठहराव की जानकारी रेल मदद (139), NTES ऐप या आधिकारिक वेबसाइट www.enquiry. indian-rail. gov.in पर प्राप्त कर सकते हैं।

### सरकारी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी, गांव में दहशत

# सरपंच से मांगी 10 लाख की फिरौती

**सतना।**

कोठी थाना अंतर्गत कठवरिया गांव उस वक्त थर्रा उठा,जब अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय की दीवार पर बम से उड़ाने का धमकी भरा पोस्टर चिपका दिया गया। इस पोस्टर के सामने आने के बाद पूरे गांव में भारी दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया।






#### पोस्टर के पीछे की साजिश

पुलिस की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि यह किसी शरारती तत्व की सोची-समझी साजिश है। जिस स्थान पर धमकी भरा संदेश लिखा गया है,वहां पहले 'बसपा' का एक पोस्टर लगा हुआ था। शरारती तत्वों ने उस पोस्टर को उखाड़कर उसके पीछे हाथ से धमकी भरी बातें लिखी हैं। इसमें न केवल स्कूल को उड़ाने की बात कही गई है,बल्कि शिक्षकों और सरपंच को भी निशाने पर लिया गया है।

#### 10 लाख की मांग और भ्रष्टाचार के आरोप

पोस्टर के माध्यम से पंचायत सरपंच राकेश सिंह से 10 लाख रुपये की मांग की गई है। साथ ही,विद्यालय के शिक्षकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखा गया है कि वे नियमित रूप से स्कूल नहीं आते और अपनी मनमर्जी से अध्यापन कार्य कराते हैं।

#### हैरानी की बात

इस फिरौती और धमकी भरे पत्र में उपसरपंच विनय कुमार वर्मा का नाम लिखा गया है। पुलिस का मानना है कि किसी ने जानबूझकर उपसरपंच को फंसाने या लोगों में खौफ पैदा करने के लिए उनके नाम का इस्तेमाल किया है।

#### हैंडराइटिंग से होगा आरोपी का खुलासा

मामले की विवेचना कर रहे एएसआई आर.बी. सिंह ने बताया कि स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर लिया गया है। अब पुलिस का मुख्य फोकस लिखावट की जांच पर है। पोस्टर में दर्ज हैंडराइटिंग का मिलान उपसरपंच और गांव के अन्य संदिग्ध लोगों की लिखावट से किया जाएगा। पुलिस गांव के कई संदिग्धों से पूछताछ भी कर रही है।

#### स्कूल में की गई सर्चिंग, नहीं मिला विस्फोटक

प्रथम दृष्टया पुलिस इसे फर्जी धमकी मान रही है,लेकिन संवेदनशीलता को देखते हुए एहतियात के तौर पर पुलिस टीम ने स्कूल परिसर के अंदर और बाहर काफी देर तक तलाशी अभियान चलाया। एएसआई श्री वर्मा ने पुष्टि की है कि जांच के दौरान स्कूल में कोई भी बम या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा कर रही है।

## मासूम की मौत के बाद हरकत में आया प्रशासन, महतैन पहुँचा अधिकारियों का दल






**सतना।**

जनपद पंचायत मझगवां के ग्राम मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित महतैन पंचायत के कैमहा गाँव में एक मासूम की मौत के मामले ने प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को भारी प्रशासनिक अमला मौके पर पहुँचा।छानबीन के दौरान सतना सीएमएचओ,जिला परियोजना अधिकारी और मझगवां एसडीएम सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और घटना के कारणों की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे,उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### महतैन उप-स्वास्थ्य केंद्र बना सफेद हाथी

सरकार ग्रामीण इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का दावा तो करती है,लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। मझगवां तहसील की महतैन पंचायत में लाखों रुपये की लागत से बना उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन आज खुद ₹बीमार₹ नजर आ रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि इस स्वास्थ्य केंद्र का ताला महीनों से नहीं खुला है। लाखों की बिल्डिंग खड़ी है,लेकिन यहाँ न तो डॉक्टर उपलब्ध हैं और न ही कोई पैरामेडिकल स्टाफ। इलाज के अभाव में ग्रामीण दर-दर भटकने को मजबूर हैं,जबकि इस केंद्र के लिए जिम्मेदार कर्मचारी घर बैठे वेतन उठा रहे हैं।

#### कागजों में दौड़ रहे स्वास्थ्य सेवा के 'घोड़े', जमीनी स्तर पर सिर्फ सन्नाटा

मझगवां क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। महतैन की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जिम्मेदार अधिकारी जमीनी स्तर पर काम करने के बजाय सिर्फ कागजी खानापूर्ति में व्यस्त हैं। ग्रामीणों के अनुसार,एक महीने से अधिक समय बीत चुका है लेकिन अस्पताल का दरवाजा तक नहीं खोला गया।आखिर ऐसी घटनाओं का इंतजार क्यों किया जाता है? क्या प्रशासन केवल किसी अप्रिय घटना के बाद ही जागता है? जब लाखों की लागत से भवन तैयार है,तो ग्रामीणों को इलाज के लिए शहर क्यों भागना पड़ता है? सरकारी दावों और हकीकत के बीच की यह खाई आज एक मासूम की जान पर भारी पड़ गई है।अब देखना यह होगा कि इस जाँच के बाद महतैन के ग्रामीणों को उनका हक मिलता है या व्यवस्था फिर से फाइलों में दब जाएगी।




## धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 44वां स्थापना दिवस

**सतना।**

जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को पार्टी का 44वां स्थापना दिवस गरिमामय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पं.भगवती प्रसाद पाण्डेय ने की।इस अवसर पर सांसद गणेश सिंह,विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार और महापौर योगेश ताम्रकार समेत कई वरिष्ठ नेता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम के गायन से हुई। इसके बाद नेताओं ने पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के 17 जिला कार्यालयों के भूमिपूजन का लाइव प्रसारण देखा और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल,मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का वर्चुअल संबोधन सुना। भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि भाजपा विकास और सुशासन का पर्याय है,जबकि महापौर योगेश ताम्रकार ने जोर दिया कि पार्टी ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक बूथस्तर से जिला स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इसी क्रम में 8 अप्रैल (बुधवार) को जिला प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी में 'ओम रिसॉर्ट' में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी,पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व महापौर राजाराम त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष ने अंत में कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण की बदौलत ही भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है।

## मैहर से प्रयागराज-वाराणसी जाने वाले भारी वाहनों क़ो सतना चित्रकूट की तरफ किया जा रहा डायवर्ट

**मैहर।**

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) द्वारा रीवा बायपास मार्ग पर बने नए ब्रिज में गंभीर तकनीकी खामी सामने आने के बाद बड़ा निर्णय लिया गया है। निरीक्षण के दौरान ब्रिज के पियर कैप में दरार (क्रैक) पाए जाने पर सुरक्षा के मद्देनज़र उत्तर प्रदेश की तरफ जाने वाले भारी वाहनों के आवागमन पर 30 दिनों के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी पत्र के अनुसार, एनएच-30 स्थित रीवा बायपास के चेनज 7+560 पर निर्मित इस ब्रिज का 31 मार्च 2026 को निरीक्षण किया गया था। जांच में सामने आया कि ब्रिज के पियर कैप में आई दरार संरचना की मजबूती को प्रभावित कर सकती है,जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वैकल्पिक मार्ग तय यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए हैं- बेला से सिलपरा होते हुए रीवा रिंग रोड बेला से गोविंदगढ़ होते हुए रीवा रिंग रोड शहर के भीतर पुराना एनएच-07 मार्ग प्रशासन के निर्देश एमपीआरडीसी ने संबंधित विभागों,ठेकेदार एजेंसी और जिला प्रशासन को तत्काल मरम्मत कार्य और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आम नागरिकों और वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे निर्देशों का पालन करते हुए तय मार्गों का ही उपयोग करें। सवालों के घेरे में निर्माण गुणवत्ता ब्रिज के निर्माण के कुछ समय बाद ही दरार सामने आने से निर्माण गुणवत्ता और निगरानी प्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि,समय रहते एहतियात बरतते हुए बड़ा हादसा टालने का प्रयास किया गया है। उसी दिशा निर्देश के चलते मैहर पुलिस भी अलर्ट मोड पर है जिसके चलते सतना बाईपास रोड में सभी भारी वाहनों को सतना चित्रकूट की तरफ डायवर्ट किया जा रहा है जिससे यातायत व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

## अल्ट्राटेक पर आदिवासियों की खेती की जमीनें हड़पने का आरोप

**मैहर।**

मैहर स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री आदिवासियों की जमीनों को षड़यंत्र पूर्वक हथियाने का आरोप लगता आया है।बताया जाता है कि जब से बी के बिरला ग्रुप से मैहर सीमेंट ईकाई कुमार मंगलम के नेतृत्व वाली आदित्य बिरला समूह में अंतरित हुई और आदित्य बिरला समूह के अधिकारियों ने कार्यभार संभाला तब से ही स्थानीय निवासियों के साथ भेदभाव,शोषण,भू-माफिया गिरी और कूटरचना से फर्जीवाड़ा कर जमीन हड़पने का खेल शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि अपने खनन क्षेत्र में जमीन की पहली खरीद ही कंपनी प्रबंधन ने फर्जीवाड़ा के माध्यम से की थी। कंपनी के पास उसके क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जमीनों का पूरा डाटा रहता है तथा जमीन खरीदने के पहले उनके द्वारा अधिकृत वकील विधिवत सर्च रिपोर्ट तैयार करते हैं इसलिए अनजाने में गलती होना संभव नहीं है,सबकुछ बड़े षड्यंत्र और लूट-खसोट का मामला ही जान पड़ता है। कंपनी प्रबंधन,उनके वकील,कंपनी के ठेकेदार और एजेंट इन सबका एक बड़ा सिंडिकेट है जो प्रशासन के सरपरस्ती में बड़े ही शातिराना अंदाज में जमीन डकैती के कारनामें को अंजाम देते हैं। बिरला और टाटा समूह का देश में एक अलग और सम्मान जनक स्थान है, इन्हें देशभक्त कंपनियों के रूप में और जनकल्याणकारी कंपनियों के रूप में जाना जाता है,लेकिन वर्तमान समय में इसके अधिकारी और कर्मचारी ही अपने निजी स्वार्थपूर्ति के लिए कंपनी के साख पर बट्टा लगाने में आमादा हैं। किसानों जिनमें से अधिकांश आदिवासी समाज से हैं की जमीनों के बदले उन्हें कानून के दायरे में प्राप्त होने वाली सामाजिक-आर्थिक सुविधाओं और लाभों से वंचित कर कौड़ियों के दाम जमीन हड़पने का खेल चल रहा है,किसानों की जमीनें अपने गुर्गों और ठेकेदारों के नाम खरीद कर अप्रत्यक्ष रूप से हासिल कर रही है ताकि मूल किसानों को ना तो उचित मूल्य देना पड़े और ना ही नियमानुसार उन्हें मिलने वाली सामाजिक आर्थिक लाभों के दायित्व निभाना पड़े। यह सबकुछ जनता के हितों की रक्षा के लिए बैठे प्रशासन तंत्र की नाक के नीचे हो रहा है पर अनजानी हैं वो वजहें जिनकी बदौलत ना तो उन्हें कुछ दिखाई देता है और ना ही सुनाई।ऐसे में विकल्प क्या है,विकल्प के नाम पर सिर्फ न्याय पालिका से ही उम्मीद कर सकते हैं,जल्द ही न्याय की गुहार लगाने किसान हाईकोर्ट की शरण में जाने की तैयारी कर रहे हैं जिसमें प्रशासन तथा कंपनी समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला के विरुद्ध अपना आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

## अमदरा, घुनवारा एवं सभागंज के आस-पास के ढावों पर पुलिस का छापा, ढाबों से काफी मात्रा में पेट्रोल-डीजल बरामद

**मैहर।**

कलेक्टर रानी बाटड़ और पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिह की अगुवाई में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा मैहर से कटनी रोड स्थित अमदरा एंव घुनवारा क्षेत्र में खुले ढाबों पर कार्रवाई की गई। मैहर जिले के अमदरा थाना क्षेत्र के घुनवारा-सभागंज इलाके में हाइवे में सड़क के किनारे खुले ढावों में अवैध रूप से डीजल-पेट्रोल का करोबार काफी अरसे से चला आ रहा है। इस समय देश में चल रहे पेट्रोल-डीजल की कमी को देखते हुए इस क्षेत्र यह व्यापार काफी तेज से बढ़ने लगा था। इस क्षेत्र में कई बार छुटपुट कार्रवाई की गई जिससे इस व्यापार में आज अकुंश नही लग पाया है इन ढावों में अवैध रूप से ब्रिक्री चल रही है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में खुले ढावों में पेट्रोल डीजल से भरे हुए ट्रक आकर रुकते है और ड्राइवर और क्लीनर खाना खाकर सो जाते तभी इन ट्रकों से डीजल-पेट्रोल चोरी कर लिया जाता है और फिर इसी को कम रेट पर क्षेत्रीय ट्रक,टैक्टर एवं बाइक वालों को बिक्री कर दिया जाता है। यही नहीं कुछ ढावे वाले तो मिलावट कर डीजल पेट्रोल की ब्रिक्री कर मुनाफा कमाते है। पुलिस की कार्रवाई में बाबूजी ढाबा में एक टेंकर सहित 3000 लीटर अवैध पेट्रोल बरामद किया गया है।इस कार्रवाई की भनक लगते ही आस पास के कई ढाबा मालिक अपने-अपने ढाबों को बंद कर भाग गए है। इसकी शिकायते प्रशासन को मिलती रहती है जिस पर आज जिले के अमदरा थाना क्षेत्र के घुनवारा-सभागंज इलाके में प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा अवैध डीजल-पेट्रोल के संभावित कारोबार को लेकर छापेमारी की गई। इस दौरान विभिन्न ढाबों एवं प्रतिष्ठानों की जांच की गई तथा कुछ स्थानों से ईंधन जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई है। पहली बार कलेक्टर एवं एसपी का स्वयं मैदान में उतरकर कार्रवाई की गई है जिससे लगता है कि प्रशासन अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत है।

## महापौर ने सुनी नागरिकों की समस्यायें

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

बालाजी नगर क्षेत्र में नाले को लेकर मिल रही शिकायतों पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ एमआईसी सदस्य, संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। महापौर के पहुंचते ही क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखते हुए नाले के निर्माण में आई खामियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।



नागरिकों ने बताया कि नाले में जगह-जगह अप-डाउन होने के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है, जिससे जल निकासी प्रभावित हो रही है और कई स्थानों पर पानी रुकने से जलभराव की स्थिति बन रही है।

# भाजपा कार्यालय में स्थापना दिवस समारोह: बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने दिया विचार और संस्कार आधारित राजनीति का संदेश

पन्ना।

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल हुए, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के ध्वजारोहण एवं वंदे मातरम् के साथ हुई, जिसके बाद उपस्थित नेताओं ने पार्टी के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों का स्मरण किया। अपने विस्तृत और ओजस्वी संबोधन में बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा की यात्रा केवल एक राजनीतिक दल की यात्रा नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण की एक सतत विचारधारा का प्रवाह है। उन्होंने स्पष्ट किया कि "भाजपा की विकास यात्रा सत्ता की नहीं, संस्कार की है, विस्तार की नहीं, विचार की है और यह अंत्योदय से राष्ट्रोदय के संकल्प की सिद्धि की यात्रा है।"उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। यही कारण है कि आज भाजपा केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन बनकर उभरी है।






उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सेवा, समर्पण और संगठन की भावना के साथ कार्य करते हुए समाज के हर वर्ग तक पार्टी की नीतियों और योजनाओं को पहुंचाएं।अपने संबोधन में बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक जड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पार्टी श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचार और अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है। इन महान नेताओं के आदर्शों ने भाजपा को एक सशक्त वैचारिक आधार प्रदान किया है, जो आज भी संगठन को दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने वर्तमान समय का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मूल मंत्र के साथ देश विकास, आत्मनिर्भरता और सुशासन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सच्चे अर्थों में पार्टी के कार्यकर्ताओं का दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, जिला प्रभारी जाहर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सतानंद गौतम एवं जय प्रकाश चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष मीना विष्णु पांडे, उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष कैलाश गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने विचार रखते हुए संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजनाओं पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में भाजपा के स्थापना दिवस के महत्व पर भी चर्चा की गई। बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा ने अपने सिद्धांतों, संघर्ष और सेवा भाव के बल पर भारतीय राजनीति में एक सशक्त स्थान बनाया है। आज यह पार्टी न केवल देश में, बल्कि विश्व स्तर पर भी एक प्रभावशाली राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुकी है। बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर के सामने शराब दुकान का विरोध- पूर्व विधायक प्रतिनिधि ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**पन्ना**- नगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों के समीप संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। सोमवार को पूर्व विधायक प्रतिनिधि (गुनौर विधानसभा) कुलदीप सिंह डिघौरा ने जिला कलेक्टर को एक औपचारिक आवेदन सौंपकर हरद्वाही मोड़ स्थित शराब दुकान को तत्काल प्रभाव से अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। कलेक्टर को दिए गए पत्र में कुलदीप सिंह ने बताया कि हरद्वाही मोड़ पर संचालित शराब दुकान की स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक है। यह दुकान संकट मोचन हनुमान मंदिर के ठीक सामने और शिव मंदिर के बिल्कुल बगल में स्थित है। इसके कारण मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भारी असहजता और मानसिक असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। असामाजिक तत्वों का जमावड़ारू शराब दुकान होने के कारण दिन भर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे क्षेत्र की शांति भंग हो रही है और विवाद की स्थिति बनी रहती है। आवेदन में स्पष्ट किया गया है कि धार्मिक स्थलों के इतने समीप शराब दुकान का संचालन आबकारी नियमों का खुला उल्लंघन है। पवित्रता को खतरारू मंदिर जैसी पवित्र जगह के पास शराब की बिक्री से जनभावनाएं आहत हो रही हैं।

**शीघ्र कार्रवाई की मांग**-कुलदीप सिंह डिघौरा ने प्रशासन से विनम्र आग्रह किया है कि जनहित और धार्मिक पवित्रता को ध्यान में रखते हुए इस दुकान को यहां से हटाकर किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### तहसील कार्यालय पहुंचे ग्राम खम्हरिया के ग्रामीण



**पवई।** जनपद पंचायत पवई के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खम्हरिया के दर्जनों ग्रामीण सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचे,जहां उन्होंने तहसीलदार रत्न राशि पांडे को आवेदन दिया। जिसमें लेख किया है कि ग्राम पंचायत खम्हरिया में चौकीदार का पद रिक्त था,जिस पर नियुक्ति हेतु न तो कोई विज्ञापन जारी किया गया और न ही ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर कोई जानकारी चस्पा की गई,इसके साथ ही नियुक्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 13 मार्च नियत की गई थी, जिससे इसकी जानकारी किसी भी ग्रामीण को नहीं हुई,जिस कारण से चौकीदार के पद हेतु योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन नहीं कर सके,जबकि इस पद पर कार्य करने के लिए एक से अधिक उम्मीदवार हैं। उन्होंने आवेदन के माध्यम से पद हेतु फॉर्म भरने की तारीख आगे बढ़ाए जाने की मांग की है।

### टीईटी के विरोध में शिक्षक संघ ने सौंपा विधायक को ज्ञापन



**पवई।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई पवई द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (ज्म्ज) के विरोध में आज एक ज्ञापन स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सौंपा गया। यह ज्ञापन पवई विधायक प्रहलाद लोधी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे परमार को सौंपा गया। संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी विभिन्न मांगों को रखते हुए ज्म्ज परीक्षा की अनिवार्यता पर पुनर्विचार करने की मांग की। उनका कहना था कि लंबे समय से सेवाएं दे रहे शिक्षकों के लिए इस प्रकार की परीक्षा अनावश्यक दबाव उत्पन्न करती है और इससे उनके सेवा हित प्रभावित हो सकते हैं। इस अवसर पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र तिवारी, अपाक्स ब्लॉक अध्यक्ष आशीष पटेल, मप्र शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र खरे, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राकेश तिवारी सहित सुरेश सिंह राजपूत, सरदार सिंह राजपूत, लाल सिंह एवं संतोष पटेल सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षक संघ ने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे उनकी मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाकर उचित समाधान सुनिश्चित करें अन्यथा हम सभी शिक्षक प्रदेश व्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# अमानगंज मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में मनाया गया भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस



अमानगंज।

नगर अमानगंज के नगर परिषद अमानगंज प्रांगण में सुबह 11:00 की लगभग अमानगंज क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए और अमानगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का 47 वा स्थापना दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर परिषद प्रांगण में रंगोली और फूलों से वेलकम कार्यकर्ताओं का स्वागत है ऐसी रंगोली बनाई गई उसके बाद अमानगंज क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा का ध्वजारोहण भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया। उसके बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

मंचासीन अतिथियों पर भाजपा मंडल पदाधिकारीओ ने स्वागत किया मंच पर विराजमान भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी, जिला कोषाध्यक्ष दशरथ गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष लल्लू लाल रावत, संजय तिवारी, मस्तराम राजपूत, विशाल सिंह भदोरिया, रणमत सिंह उपस्थित रहे सभी ने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस पर भारतीय जनता पार्टी का उदय कैसे हुआ इस पर विचार रखें उसके बाद अमानगंज मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कौशल किशोर अरजरिया, प्रेम नारायण शर्मा, रामऔवतार पांडे बुद्धू प्रजापति, और भाजपा महिला मोर्चा की मंडल महामंत्री श्रीमती गीता पांडे का माला और पुष्प भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अमानगंज मंडल के मंडल उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी ने किया कार्यक्रम का आभार मंडल उपाध्यक्ष अरविंद दुबे के द्वारा किया गया।

# एचपीवी वैक्सीनेशन में न बरतें लापरवाही: कलेक्टर
## टीएल बैठक में लंबित प्रकरणों के निराकरण की हुई समीक्षा

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का व्यवहारिक रूप से संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया जाए। बगैर सुनवाई के शिकायतों को फोर्स क्लोज न करें, बल्कि आवेदक को समक्ष में शिकायतों के निराकरण के संबंध में कारण सहित अवगत कराया जाए। लंबित शिकायतों के प्रभावी व संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए निरंतर प्रयास किया जाए। जिला कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ टीएल बैठक में विभागवार लंबित टीएल और जनसुनवाई पत्रों की भी समीक्षा की। इस दौरान प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विभागवार विभिन्न समितियों के गठन के संबंध में तत्परतापूर्वक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। किशोरी बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण में प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा इसकी सतत मॉनिटरिंग सहित लापरवाह कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पानी एवं पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण सहित डायमण्ड म्यूजियम के निर्माण में तेजी के लिए अपेक्षित कार्यवाही, अवमानना प्रकरणों में पारित आदेश का अवलोकन कर समय पर जबावदावा प्रस्तुत करने सहित सलेहा-नागौद रोड और पड़रिया बायपास के मुद्दों के निराकरण पर भी चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त खाद्यान्न उठाव, परिवहन एवं वितरण तथा पेट्रोल, डीजल एवं गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता द्वारा नियमित कर्मचारियों के एम्पलाई कोड के साथ समग्र



लिंकिंग कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि विभिन्न विभागों के 149 कर्मचारियों द्वारा अब तक आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर समग्र आईडी लिंक करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है। इसे तत्काल पूर्ण कर लें अन्यथा वित्त विभाग के निर्देशानुसार ऐसे कर्मचारियों के वेतन आहरण पर रोक लगेगी। आगामी दिवसों में गैर नियमित तथा मानसेवी व अंशकालिक कर्मचारियों के भी समग्र लिंकिंग कार्यवाई आरंभ करने के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कई विभागों में नियोजित कर्मचारियों को पारदर्शी तरीके से नवीन वित्तीय वर्ष में राशि भुगतान की व्यवस्था के साथ पीएफ और बीमा राशि की कटौती इत्यादि की जानकारी भी दी गई। जिला कलेक्टर ने बैठक में मिशन कर्मयोगी अंतर्गत आगामी 8 अप्रैल तक आयोजित साधना सप्ताह में सभी शासकीय सेवकों के पंजीयन और न्यूनतम 4 घंटे एवं 5 पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कार्यालय प्रमुखों को स्वयं तथा अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित करने के निर्देश दिए। अनिवार्य रूप से पटवारी और ग्राम रोजगार सहायक की भी पोर्टल पर कोर्स ट्रेनिंग पूर्ण करवाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# जीरो मॉडल हाईस्कूल देवेंद्रनगर का रहा शत प्रतिशत वार्षिक परीक्षा परिणाम
## सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड, मैडल, प्रशस्ति पत्र व अंकसूची देकर किया पुरस्कृत



**देवेंद्रनगर।** जीरो सेवा समिति देवेंद्रनगर द्वारा संचालित जीरो मॉडल हाईस्कूल का कक्षा एलकेजी से कक्षा नवमी तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम 06 अप्रैल को घोषित किया गया जिसमें कक्षाओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड,मैडल मार्कशीट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश जैन व्यवस्थापक,सुधीर जैन सचिव,सुरेन्द्र जैन कोषाध्यक्ष,विनोद जैन उपाध्यक्ष,रवींद्र जैन,शैलेंद्र जैन,श्रीमती राजुल जैन,श्रीमती सारिका जैन एचएम डीपीएस स्कूल,अशोक जैन सहित अभिभावक, स्टॉफ, छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन व आभार विद्यालय प्राचार्य रमेश अग्रवाल ने किया।वहीं राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा सत्र 2025- 26 का कक्षा आठवीं व पांचवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें जीरो मॉडल हाईस्कूल देवेंद्रनगर का कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा जिसमें 26 छात्र छात्राओं को प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। कक्षा आठवीं में हिमानी सोनी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान,प्रिंस सिंह राजपूत ने 90 प्रतिशत के साथ दीपाली द्वितीय एवं सुमन प्रजापति ने 89 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 5 में दिव्यांशी पटेल प्रथम,सुंदर सिंह खंगार द्वितीय,आनंद कुशवाहा तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 9 वीं में दीपाली बागरी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान,कुलदीप सिंह घोषी द्वितीय व आदर्श पाठक को तृतीय स्थान मिला। इसी प्रकार कक्षा सातवीं में साजिया नाज प्रथम,निकेत जैन द्वितीय,शिव त्रिपाठी तृतीय स्थान में रहे। अपना वार्षिक परीक्षा परिणाम पाकर बच्चों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शैलेंद्र जैन शासकीय शिक्षक,व्यवस्थापक सतीश जैन,प्राचार्य रमेश अग्रवाल, रवींद्र जैन ने छात्रों की सफलता पर उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ शुभकामना दी। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकगण ,छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# दक्षिण पन्ना वन विभाग का अभिनव प्रयास, युवाओं के लिए मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी में एक्सपोज़र विजिट एवं अनुभूति कैंप आयोजित







पन्ना।

वन्यप्राणियों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करने तथा पन्ना जिले के युवाओं का एक्सपोज़र बढ़ाने के उद्देश्य से दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र में ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं के लिए मुकुंदपुर जू एवं व्हाइट टाइगर सफारी में विशेष अनुभूति कैंप एवं एक्सपोज़र विजिट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ब्यूटीशियन एवं टेलर ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को मुकुंदपुर स्थित विश्व प्रसिद्ध व्हाइट टाइगर सफारी का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने प्राकृतिक परिवेश में श्वेत बाघों को देखा एवं उनके संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। साथ ही, विभिन्न बाड़ों, बटरफ्लाई पार्क, बर्ड एवियरी तथा रेप्टाइल हाउस का अवलोकन कर जैव विविधता की समृद्धता को समझा। यह सफारी देश के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थलों में से एक है, जहाँ वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण शिक्षा को विशेष महत्व दिया जाता है। मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र के रेंज ऑफिसर राहुल मिश्रा द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं तथा मुकुंदपुर जू प्रशासन से समन्वय स्थापित किया गया। वनरक्षक प्रकाश प्रजापति एवं संगीता अहिरवार ने पूरे कार्यक्रम का पर्यवेक्षण करते हुए प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें वन्यजीव संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। इस एक्सपोज़र विजिट में मोहन्द्रा, इटहा एवं पडरहा ग्राम वन समितियों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षणार्थियों ने इस अवसर पर गहरा उत्साह व्यक्त करते हुए वन विभाग के प्रति आभार प्रकट किया। टीम कैरियर प्वाइंट मोहन्द्रा द्वारा भी वन विभाग एवं ग्रीन इंडिया मिशन पन्ना के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस प्रकार का आयोजन न केवल युवाओं में प्रकृति एवं वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करता है, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरित कर आत्मनिर्भरता एवं कौशल विकास के साथ जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम भी सिद्ध हो सकता है।

# पुलिस ने सिमरिया थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ गाँजा के साथ एक आरोपी के विरुद्ध की वैधानिक कार्यवाही

पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा सिमरिया थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से कुल 1 किलो 670 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (सूखा गाँजा) मय बोरी के कीमती लगभग 13000/- रुपये एवं अवैध हरे गाँजा के पौधे कुल 204 नग वजनी करीब 540 ग्राम कीमती 2000/- रूपए कुल मशरूका कीमती 15000/- रू का जप्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा अवैध मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले, खेती करने वाले, भण्डारण करने वाले एवं परिवहन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनु. अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थानो में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमो का गठन किया गया है ।इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप दिनांक 05.04.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बडखेरा में 01 व्यक्ति अपने घर में सूखा गांजा एंव बारी में गांजे के पौधे लगाये होने की सूचना प्राप्त हुई। थाना प्रभारी सिमरिया द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया। वरिष्ठ



पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर देखा गया, जहाँ 01 व्यक्ति अपने घर की बारी में गांजे के पौधे लगाए है व घर में सूखा गांजा रखे हुए है जो पुलिस को देखकर घर से भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से घेराबंदी कर उक्त संदेही को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई एवं संदेही के घर की व बारी की तलाशी लेने पर 1 किलो 670 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (सूखा गाँजा) मय बोरी के कीमती लगभग 13000/- रुपये एवं अवैध हरे गाँजा के पौधे कुल 204 नग वजनी करीब 540 ग्राम कीमती 2000/- रूपए कुल मशरूका कीमती 15000/- रू का पाया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से उक्त मादक पदार्थ (गाँजा) व हरे पौधे को जप्त किया गया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना सिमरिया में एन डी पी एस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी** – प्रहलाद लोधी पिता नंगा लोधी निवासी ग्राम बडखेरा थाना सिमरिया जिला पन्ना

**जप्त सामग्री**- पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से कुल 1 किलो 670 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (सूखा गाँजा) मय बोरी के कीमती लगभग 13000/- रुपये एवं अवैध हरे गाँजा के पौधे कुल 204 नग वजनी करीब 540 ग्राम कीमती 2000/- रूपए कुल मशरूका कीमती 15000/- रू का जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान**- उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री , थाना सिमरिया पुलिस टीम में उनि योगेन्द्र गायकवाड ,उनि जे.पी. अहिरवार प्र.आर. बृजेश सिंह ,बालमुकुन्द पटेल,संतबहादुर सिंह ,गजेन्द्र उरमलिया आरक्षक नितेश असाटी , श्याम सिंह ,म.आर. आयशा खान व अंशिका सिंह का सराहनीय योगदान रहा । वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुलिस टीम के कार्य की प्रशंसा की गई।

## खबर संक्षेप



### खजुराहो बाजार की सड़क और फुटपाथ पर महीनों से पड़ी निर्माण सामग्री, राहगीर परेशान

**खजुराहो।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो के मुख्य बाजार की प्रमुख सड़क और फुटपाथ पर अव्यवस्था अब परेशानी का कारण बन चुकी है। खजुराहो के जैन मंदिर मार्ग स्थित राधारानी मार्केट के सामने की सड़क और फुटपाथ पर महीनों से भवन निर्माण सामग्री (गिट्टी, रेत आदि) डली हुई है, जिससे यहां आनेजाने वाले पर्यटकों के साथ आम नागरिकों और पर्यटकों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह निर्माण मटेरियल महीनों से ऐसे ही पड़ा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इतने लंबे समय से यह वहीं पड़ा हुआ है और प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इससे मार्ग संकरा हो गया है और पैदल चलने वालों को मजबूरी में सड़क पर उतरना पड़ रहा है,पर्यटकों के लिए भी यह स्थिति बेहद असुविधाजनक है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है,सबसे बड़ा सवाल यह है कि महीनों से चली आ रही इस समस्या पर प्रशासन की नजर अभी तक नहीं पड़ी।

### समाधान योजना की अवधि 15 मई तक बढ़ी

**योजना में बकाया बिल जमा करने पर सरचार्ज की राशि में छूट**

**छतरपुर।** बिजली के बकायादार उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत दी गई है। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार लागू समाधान योजना 2025-26 की अवधि में संशोधन करते हुए इसे अब 15 मई 2026 तक बढ़ा दिया गया है। इससे जिले के हजारों बकायादार उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिल का भुगतान करने का अंतिम और सुनहरा अवसर मिल गया है।

योजना के अंतर्गत घरेलू (स्थायी एवं अस्थायी), गैर-घरेलू, औद्योगिक तथा कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं (शासकीय कनेक्शनों को छोडकर) को बिजली बिल के सरचार्ज (अधिभार) में भारी छूट प्रदान की जा रही है। इससे उपभोक्ता कम राशि में अपने बकाया बिलों का भुगतान कर सकते हैं। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता एस.बी. सिंह ने बताया कि योजना का अधिक से अधिक लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से छतरपुर जिले में 260 विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देंगे तथा रजिस्ट्रेशन, बिल संबंधी समस्याओं और छूट का लाभ दिलाने हेतु तत्काल समाधान सुनिश्चित करेंगे।

छतरपुर जिले में समाधान योजना अंतर्गत सम्मिलित हुए कुल उपभोक्ता 182564 है जिन पर बकाया राशि 97.03 करोड रू. एवं सरचार्ज राशि रू. 28.40 करोड है, कुल राशि रू. 125.43 करोड बकाया है। समाधान योजना से 69682 उपभोक्ताओ ने योजना का लाभ लेकर बकाया राशि करोड रू. 23.38 जमा की है, एवं राशि रू. 4.54 करोड सरचार्ज छूट का लाभ लिया है, योजना से वंचित शेष बचे उपभोक्ता 112882 है जिन पर राशि रू. 73.65 करोड बकाया है। साथ ही सरचार्ज राशि रू. 23.86 करोड बकाया है।

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने नजदीकी विद्युत वितरण केंद्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क या विभागीय पोर्टल के माध्यम से योजना का लाभ उठाकर अपने बकाया बिलों का भुगतान करें।


कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि यह योजना सीमित समय के लिए है, इसलिए उपभोक्ता इस अवसर का लाभ उठाकर अपने बकाया बिजली बिल में आर्थिक राहत प्राप्त करें और भविष्य में निर्बाध विद्युत सेवा सुनिश्चित करें।

---

**पर्यटन मंत्री शेखावत एक्शन में, खजुराहो को अतिक्रमण मुक्त बनाने की तैयारी**

# खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा की पहल सफल, ऐतिहासिक धरोहर क्षेत्र से हटेगा अतिक्रमण, केंद्रीय मंत्री ने दी मंजूरी

**खजुराहो।** क्षेत्र में विश्व धरोहर स्थलों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की दिशा में एक अहम कदम सामने आया है। खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा द्वारा उठाई गई पहल को अब केंद्र सरकार का समर्थन मिल गया है। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ने इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।



यह पहल खासतौर पर खजुराहो के ऐतिहासिक मंदिरों और उनके आसपास फैले अवैध अतिक्रमण को हटाने पर केंद्रित है, जिससे न सिर्फ विश्व धरोहर की मूल पहचान सुरक्षित रह सके, बल्कि पर्यटकों को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकें। लंबे समय से इन क्षेत्रों में अतिक्रमण की समस्या को लेकर स्थानीय स्तर पर मांग उठती रही है।

सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए केंद्र सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद अब इसे अमल में लाने की प्रक्रिया तेज होने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री की सहमति मिलने के बाद प्रशासनिक स्तर पर जल्द ही सर्वे और कार्रवाई शुरू की जा सकती है। क्षेत्रीय लोगों का मानना है कि इस कदम से खजुराहो की वैश्विक छवि और मजबूत होगी तथा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा के द्वारा 1 दिसंबर 2025 को लोकसभा में नियम 377 के अंतर्गत विश्व धरोहर स्थल खजुराहो के निकट बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण और अनियंत्रित निर्माण से संबंधित सवाल किया था, इसके संदर्भ में मंत्री ने पत्र के माध्यम से सांसद विष्णु दत्त शर्मा को सूचित करते हुए कहा है कि खजुराहो समूह के मंदिर जो यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित है, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षण में है। तथा उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु निरंतर निगरानी की जाती है। स्मारक के आसपास अवैध अतिक्रमण, अनियंत्रित निर्माण तथा बफर जोन प्रबंधन से संबंधित विषयों के संबंध में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा विस्तृत सर्वेक्षण एवं निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान यह पाया गया है कि खजुराहो समूह के मंदिरों के विनियमित क्षेत्र तथा निषेध क्षेत्र में अनेक अनधिकृत निर्माण है। जारी पत्र के अनुसार कार्यवाही करते हुए नियमों के अनुरूप नोटिस जारी किए जा चुके हैं। साथ ही स्थानीय प्रशासन को अनुरोध किया गया है कि मामले में हस्ताक्षेप करते हुए निर्माण को रोकने तथा हटाने के लिए कार्यवाही करें। इसके अलावा पुलिस के समक्ष शिकायत भी दर्ज कराई गई है, ताकि दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

---

**7 दिन में पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो होगा आंदोलन**

# सरानी सुरेन्द्र सिंह की मौत के मामले में, कर्णी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रशासन को दिया अलटीमेटम

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत ग्राम सरानी निवासी सुरेन्द्र सिंह तोमर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने के मामले को लेकर जहां तरह-तरह की चर्चाएं थीं वहीं अब कर्णी सेना भी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आगे आ गई है। कर्णी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह सोमवार को अपने काफिले के साथ ग्राम सरानी पहुंचकर मृतक सुरेन्द्र सिंह तोमर की मां से मिले और पूरी जानकारी प्राप्त की। पीड़ित परिवार से चर्चा करने के बाद और इस मामले में विधायक पुत्र का नाम आने को लेकर कर्णी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह ने प्रशासन को अलटीमेटम दिया है कि सात दिन के अंदर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो वह इस मामले को लेकर ऐसा आंदोलन करेंगे जो आज तक बुन्देलखण्ड में नहीं हुआ है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कर्णी सेना यदि किसी मामले को लेकर सड़क पर उतरती है तो तब तक नहीं हटती जब तक उस मामले में न्याय नहीं मिल जाता है। कर्णी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप सिंह ने यह भी कहा कि यदि विधायक पुत्र का नाम इस मामले में आ रहा है तो उन्हें आगे आकर अपने पुत्र पर कार्यवाही करवानी चाहिए। उन्होंने टीआई की कार्यशैली पर भी काफी रोष व्यक्त किया और कहा कि टीआई ने मर्ग कायम कर अपना पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने टीआई से इस मामले में बातचीत भी की और कहा कि जब मृतक के शरीर में चोट के निशान थे तो मामला क्यों नहीं दर्ज किया गया। कुल मिलाकर सुरेन्द्र सिंह की मौत का मामला कर्णी सेना के मैदान में आने के बाद गरमा गया है। इस पूरे मामले में एक शराब ठेकेदार का भी नाम सामने आ रहा है। कुछ भी हो प्रशासन को सच्चाई की तह तक जाकर जांच करानी चाहिए। कर्णी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ने इस पूरे मामले में बाहर के पुलिस अधिकारियों से जांच कराने की मांग उठाई है।

### कोतवाली टीआई अरविंद दांगी लाइन अटैच, सिविल लाइन टीआई सतीश सिंह को मिला प्रभार


पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने भी सुरेन्द्र सिंह तोमर की मौत के मामले में कोतवाली टीआई अरविंद सिंह दांगी को दोषी मानते हुए लाइन अटैच कर दिया है। और कोतवाली का प्रभार सिविल लाइन टीआई सतीश सिंह को सौंपा है इसके अलावा सिविल लाइन टीआई आशुतोष श्रोतिय बमीठा को पदस्थ किया वहीं नौगांव के निरीक्षक बाल्मीक चौबे को बमीठा और हरपालपुर के टीआई संजय राय को नौगांव तथा जिला विशेष शाखा से निरीक्षक राजेश सिंह शिकरवार को हरपाल थाना पदस्थ किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा एक साथ कई थाना प्रभारियों में बदलाव किये जाने से स्पष्ट है कि पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था पर शिकंजा कसना चाहते हैं लेकिन उनके मातहत अधिकारी कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाकर ईमानदार पुलिस अधीक्षक की छवि खराब कर रहे हैं।

### कैमरों की जांच कराकर प्रशासन सच्चाई को कर सकता है उजागर

जैसा कि सुरेन्द्र सिंह तोमर की मौत के मामले में शुरू से ही यह चर्चा चल रही है कि विधायक पुत्र के द्वारा मारपीट की गई और फिर पुलिस वहां से उठाकर ले आई। अगर इन चर्चाओं में सच्चाई नहीं है तो पुलिस प्रशासन को विधायक निवास के सामने लगे कैमरों की जांच कराना चाहिए। और उनके फु टेज के आधार पर सच्चाई को सामने लाना चाहिए।

---

# एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कुलगुरू को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा परिणाम सुधारने की मांग



**छतरपुर।** परीक्षा परिणाम खराब आने से नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया। छात्र संगठन ने कुलगुरु को ज्ञापन सौंपकर परीक्षा परिणाम सुधारने और बीएसी एग्रीकल्चर तृतीय सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच कराने की मांग की है। एनएसयूआई आईटी सेल जिलाध्यक्ष अश्वनी मिश्रा के नेतृत्व में छात्रों ने विश्वविद्यालय पहुंचकर कुलगुरु को आवेदन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि बीएसी एग्रीकल्चर के तीसरे सेमेस्टर के अधिकांश छात्रों की एटीकेटी आई है और परिणाम काफी खराब आए हैं। छात्रों का आरोप है कि कई उत्तर पुस्तिकाएं गलत तरीके से जांच की गई हैं।

एनएसयूआई ने मांग की है कि सभी कॉपियों की पुनः जांच कराई जाए। यदि गलत जांच पाई जाती है तो संबंधित जांचकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही परीक्षा परिणामों में जल्द सुधार किया जाए। ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि विश्वविद्यालय में नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके। इस दौरान शिवम शर्मा, बिट्टू गोस्वामी, अजय बिदुआ, गौरव, राज प्रजापति, अजय अहिरवार, दिनेश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

---

# महुआ बीनने के विवाद में दंपति के साथ मारपीट, पति गंभीर रूप से घायल

**छतरपुर।** जिले के चंदला थाना क्षेत्र के ग्राम उमराह में महुआ बीनने को लेकर विवाद में एक दंपति के साथ बुरी तरह मारपीट का मामला सामने आया है। दबंगों ने राजू अहिरवार और उनकी पत्नी श्यामबाई अहिरवार पर हमला कर दिया, जिसमें राजू अहिरवार को गंभीर चोटें आई हैं। घायल राजू अहिरवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



स्थानीय सूत्रों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच महुआ बीनने को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर आरोपी पक्ष ने राजू अहिरवार और उनकी पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। मारपीट इतनी हिंसक थी कि राजू अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत जिला अस्पताल छतरपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।पुलिस ने इस मामले में अरविंद अहिरवार, सुनीता अहिरवार, लीला अहिरवार और कन्नो अहिरवार के खिलाफ मारपीट संबंधी धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

---

# 7 दिवसीय एनएसएस शिविर ने गढ़े जिम्मेदार नागरिक



**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (हृस्स्) के सात दिवसीय विशेष इकाई शिविर का भव्य समापन उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। 31 मार्च से 6 अप्रैल 2026 तक धसान परिसर, एमसीबीयू गुरैया में संचालित इस शिविर ने युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक दायित्व की नई चेतना जगाई।

इस शिविर का संचालन शिविर संचालक सौरभ दुबे द्वारा अत्यंत कुशलता, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के साथ किया गया। उनके मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने न केवल सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व कौशल का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सौरभ दुबे ने शिविर को एक प्रेरणादायक मंच में परिवर्तित करते हुए हर स्वयंसेवक को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान किया, जिससे शिविर का प्रत्येक दिन नई ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहा। यह शिविर कुलगुरु डॉ. राकेश सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन, कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल तथा कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. हिमांशु अग्रवाल और डॉ. निकिता यादव के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि कुलगुरु डॉ. राकेश सिंह कुशवाह ने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को अपनाने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि नीरज भार्गव ने स्वयंसेवकों को अपने विचारों से प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने सात दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि डॉ. कमलेश चौरसिया ने इसे व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

अंत में कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल ने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने विश्वविद्यालय समन्वयक अरुण कुमार चौरसिया एवं जिला संगठक डॉ. गिरिजेश जुयाल सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अजय सेन, निधि यादव, हर्ष राज, प्रिंस दीक्षित, अंजली राजा बुंदेला, असफा खातून,सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन दीपक कुशवाहा ने किया। यह शिविर युवाओं को जिम्मेदार, जागरूक और संस्कारित नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

---

# नगर पालिका परिषद की बैठक में 561 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित

**छतरपुर।** नगर पालिका परिषद छतरपुर की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस वर्ष का 561 करोड़ रुपये का बजट 3 करोड़ रुपये की बचत के साथ सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बैठक में विधायक ललिता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा, सांसद प्रतिनिधि उपेन्द्र प्रताप सिंह सहित सभी पार्षदगण मौजूद रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा बजट पारित करना था। नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत 561 करोड़ रुपये के बजट को सभी सदस्यों ने बिना किसी असहमति के पास कर दिया। इस बजट में शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। इन कार्यों की नियमानुसार निविदा प्रक्रिया अपनाकर शीघ्र शुरू कराए जाएंगे। बैठक में नगर पालिका की आमदनी बढ़ाने के लिए लगभग 20 से 25 करोड़ रुपये के नीलामी और आवंटन के प्रस्ताव भी रखे गए, जिन्हें भी सर्वसम्मति से मंजूरी मिल गई। इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर लाइट व्यवस्था, तालाबों के सौंदर्यीकरण तथा अन्य विकास कार्यों के लिए करीब 5 से 7 करोड़ रुपये के अतिरिक्त प्रस्ताव भी स्वीकृत किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने बैठक के बाद बताया कि सभी सदस्यों की पूर्ण सहमति से जो बजट पारित किया गया है, वह पूरी तरह शहर के समग्र विकास पर केंद्रित है।




---

# डॉक्टर ने लौटाया महिला का आभूषण व नकदी से भरा पर्स



**बमीठा।** क्षेत्र में मानवता और ईमानदारी की एक सराहनीय मिसाल सामने आई है। बमीठा स्थित चित्रकूट नेत्र जांच केंद्र में एक महिला अपना पर्स भूल गई थी, जिसे अस्पताल संचालक डॉ. आशुतोष द्विवेदी ने सुरक्षित रखते हुए अगले दिन उसे सुरक्षित वापस कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेहा जैन नामक महिला अपने परिवार के साथ आंखों की जांच कराने अस्पताल आई थीं। जांच के दौरान उनका पर्स वहीं छूट गया, जिसमें आभूषण और नगदी रखी हुई थी। अस्पताल में मौजूद एक अन्य महिला को यह पर्स काउंटर पर मिला, जिसे उसने ईमानदारी दिखाते हुए डॉक्टर को सौंप दिया। अस्पताल में मरीजों की भीड़ होने के कारण जब देर तक कोई पर्स लेने नहीं आया, तो डॉ. द्विवेदी उसे अपने साथ घर ले गए। अगले दिन जब नेहा जैन अपने परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचीं, तब डॉक्टर ने पर्स उन्हें सुरक्षित वापस कर दिया। पर्स मिलने पर महिला और उनके परिवार ने डॉक्टर का आभार व्यक्त किया। इस घटना ने न केवल डॉक्टर की ईमानदारी को दर्शाया, बल्कि समाज में मानवता और विश्वास की एक प्रेरणादायक मिसाल भी पेश की।

---

# नवीन भवन में प्रवेश करते ही छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे, क्षेत्रीय विधायक ने दी शुभकामनाएं

**राजनगर।** शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय राजनगर में शासन के निर्देशानुसार प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। नवीन भवन में प्रवेश करते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजनगर अरविंद पटेरिया ने छात्रों को शासन की विभिन्न शिक्षा योजनाओं और छात्र कल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।




कार्यक्रम के दौरान संस्था प्राचार्य अनिल कुमार अरजरिया ने गणमान्य नागरिकों और अभिभावकों से छात्र-छात्राओं के शैक्षिक उन्नयन में निरंतर सहयोग करने की अपील की। समारोह की शुरुआत में छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर, पुष्पवर्षा कर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें पुस्तकें, गणवेश वितरित किए गए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर व्यवसायी मनोज चौरसिया, अखिल भारतीय गायत्री परिवार के सुरेन्द्र कुमार सोनी, बीआरसीसी कार्यालय राजनगर से शिक्षक सुमन सिंह समेत कई गणमान्य नागरिक और अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय के माध्यमिक खंड के प्रधानाध्यापक जे.के. खलखो, प्राथमिक खंड के प्रधानाध्यापक प्रमोद तिवारी तथा अन्य शिक्षकों श्री आर.जी. पटेल, नीरज गोस्वामी, हरिश्चंद्र पटेल, देवी प्रसाद द्विवेदी, शैक्षणिक व्यवस्था प्रभारी अनुभा नामदेव और समस्त शिक्षकगण ने कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के उच्च माध्यमिक शिक्षक दीपक द्विवेदी ने किया।

---




# भाजपा खजुराहो मंडल का 2 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**खजुराहो।** भारतीय जनता पार्टी के खजुराहो मंडल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न सत्रों के माध्यम से जिला भाजपा से पधारे वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, संगठनात्मक संरचना एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, कैलाश रावत, रवि रिछारिया, मानिक चौरसिया, रवि मिश्रा एवं जयराम चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधनों में कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, अनुशासन और कार्यशैली से अवगत कराया। वक्ताओं ने प्रशिक्षण वर्गों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाते हैं और संगठन को मजबूत आधार प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल द्वारा प्रशिक्षण वर्ग में की गई व्यवस्थाओं एवं समन्वय की सराहना की। साथ ही मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की अनुशासित एवं सक्रिय सहभागिता की प्रशंसा करते हुए इसे संगठन की मजबूती का प्रतीक बताया।

## खबर संक्षेप

### रीवा शहर में पीएनजी कनेक्शन की सुविधा, पाइपलाइन से घर-घर पहुंचेगी गैसकई मोहल्लों में पाइपलाइन से पहुंच रही गैस

**रीवा** । रीवा शहर में स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) सेवा का विस्तार किया जा रहा है। रीवा के दर्जनों मोहल्लों और कॉलोनियों में इस सेवा का सफल संचालन किया जा रहा है, जिसका लाभ अब लगातार अधिक क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को मिल रहा है। वर्तमान में रीवा के प्रमुख रहवासी क्षेत्रों जैसे नेहरू नगर, संजय नगर, इंदिरा नगर, तिलक नगर और बजरंग नगर में यह सुविधा पूरी तरह सक्रिय है। इसके साथ ही रतहरा, अरुण नगर, श्रीयुत नगर और अनंतपुर क्षेत्रों में भी पाइपलाइन के जरिए गैस की आपूर्ति की जा रही है। शहर की प्रीमियम सोसायटियों और कॉलोनियों, जिनमें शिल्पी उपवन, शिल्पी कुंज, समान, वृंदावन और समदरिया गोल्ड शामिल हैं, वहाँ के रहवासी भी अब इस आधुनिक सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। इन मोहल्लों में पाइपलाइन से गैस की नियमित आपूर्ति की जा रही है। कनेक्शन लेने वालों को अब सिलेंडर भरवाने से मुक्ति मिली है। पीएनजी सेवा की सबसे बड़ी विशेषता इसकी निरंतरता और सुरक्षा है। जिससे उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग एवं आपूर्ति से जुड़ी परेशानियों से राहत मिलती है। यह गैस हवा से हल्की होने के कारण सुरक्षा के लिहाज से बेहद भरोसेमंद मानी जाती है और एलपीजी के मुकाबले काफी किफायती भी है। सीधे पाइपलाइन से चूल्हे तक पहुँचने वाली यह गैस रसोई में जगह की बचत करती है और उपयोग में भी बेहद सरल है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने इस विस्तार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रीवा के नागरिकों से अपील की है कि वे इस स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा विकल्प को अपनाएं। कंपनी का मानना है कि अधिक से अधिक घरों में पीएनजी का उपयोग न केवल व्यक्तिगत सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण कम करने में भी रीवा के योगदान को सुनिश्चित करेगा। नए कनेक्शन और विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक नागरिक कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधियों से संपर्क कर इस आधुनिक ऊर्जा क्रांति का हिस्सा बन सकते हैं। कंपनी से मोबाइल नम्बर 9424836488 पर अथवा कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

### धरे गये पांच जुआरी, 3800 रूपए किये जब्त

**कटनी**। पुलिस ने दो अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते और नगदी बरामद की है। जानकारी के अनुसार माधवनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर झिंझरी स्थित बिलहरी मोड़ के पास बने यात्री प्रतीक्षालय में दबिश दी। यहाँ सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों के जरिए हार-जीत की बाजी लगा रहे दो युवकों को पकड़ा गया जिनमें राजा यादव 36 वर्ष निवासी मढिया मोहल्ला और छोटू बर्मन 42 वर्ष निवासी बर्मन मोहल्ला शामिल हैं। दोनो के पास से पुलिस ने मौके से 1950 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। इसी तरह बाकल थाना पुलिस ने बाकल के हाट बाजार में जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को पकड़ा। जुआरियों में रामभजन लोधी 30 वर्ष, राजा सोनकर 26 वर्ष और ध्रुवलाल वंशकार 45 वर्ष शामिल हैं। पुलिस ने फड़ और पास से कुल 1850 रुपये नगद बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### विजय विश्वकर्मा ने संभाला बहोरीबंद थाने का प्रभार

**कटनी**। रविवार को विजय विश्वकर्मा ने बहोरीबंद थाना का कार्यभार संभाल लिया। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा पिछले दिनों की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत तत्कालीन थाना प्रभारी अखिलेश दहिया को लाइन अटैच और एक आरक्षक को निलंबित किया गया था, जिसके बाद यह पद रिक्त था। निरीक्षक विजय विश्वकर्मा का कुछ समय पूर्व ही स्थानांतरण जबलपुर से कटनी जिले में हुआ था और वे पुलिस लाइन में थे।

# सुपर स्पेशलिटी में 13 करोड़ की एमआरआई मशीन एक फिर हुई बंदमरीजों की परेशानी बढ़ी

### प्रेशर इंजेक्टर खराब होने से सीटी एंजियोग्राफी पहले से थी बंद




**रीवा**। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 13 करोड़ की लागत से स्थापित की गई एमआरआई मशीन फिर बंद हो गई है। यह चौथी बार है जब मशीन में ठप हुई है। इस बार भी एसी सिस्टम में खराबी के कारण ही यह दिक्कत सामने आई है। एमआरआई मशीन ठप होने से जांच बंद है। मरीजों को प्राइवेट सेंटरों में भेजा जा रहा है। आपको बता दें कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 13 करोड़ की एमआरआई मशीन खरीदी गई। यह सबसे हाईटेक मशीन है। इस मशीन के आने से उम्मीद थी कि लोगों को राहत मिलेगी। हालांकि ऐसा नहीं हो पाया। हद दूसरे महीने में यह मशीन ठप हो जाती है। अब तक चार मर्तबा एमआरआई मशीन दम तोड़ चुकी है। मरीजों को पहले ही जांच की सुविधा अधूरी मिल रही थी। अब वह भी पूरी तरह से ठप हो गई है। शनिवार की रात से मशीन शट डाउन है। बता दे जब से एमआरआई मशीन इंस्टाल हुई है तब से अब तक यह चार मर्तबा बंद हो चुकी है। इसका कूलिंग सिस्टम ही खराब है। बार बार कूलिंग सिस्टम ही ठप हो जाता है। इसके कारण मशीन भी शटडाउन हो जाती है। शनिवार की रात को भी कूलिंग सिस्टम में खराबी आने के बाद एमआरआई मशीन ने काम करना बंद कर दिया। आपको बता दें कि कूलिंग सिस्टम में अब तक तीन मर्तबा खराबी आ चुकी है। एक मर्तबा चोर एसो की पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया था। ऐसे में चार मर्तबा इसमें खरबी आ चुकी है।सीटी स्केन की प्रेशर इंजेक्टर मशीन भी खराबसीटी स्केन मशीन भी करीब 6 से 7 करोड़ की इंस्टाल की गई है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में लगी सीटी स्केन मशीन से सीटी एंजियोग्राफी कई दिनों से बंद है। इसका प्रेशर इंजेक्टर ही खराब है। आपको बता दें कि यह मशीन मेंटीनेंस में है। हाइट्स का मेंटीनेंस का ठेका है। पिछले बार मशीन में खराबी आई थी तो हाइट्स ने जीई से प्रेशर इंजेक्टर को दुरुस्त करा दिया था। अब फिर से खराबी आ गई है। प्रेशर इंजेक्टर एक महीने से बंद है। इसे सुधारने से ठेका कंपनी ने हाथ खड़े कर दिए हैं। उन्होंने फिजिकल डैमेज बताया है। अब हाइट्स और अस्पताल प्रबंधन के बीच खींचतान मची हुई है।

# मलकपुर तालाब में बाणसागर नहर का पानी भरने अन्न-ज़ल त्याग आत्मदाह करेंगे रामेश्वर गुप्ता



**रीवा**। गांधी विचार मंच के संयोजक रामेश्वर गुप्ता मलकपुर तालाब में बाणसागर नहर का पानी भरने को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते रहे हैं. अब वह मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल रीवा के विकास को ध्यान दिलाते हुए मलकपुर तालाब की तरफ ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं. विधानसभा के विधायक होने के नाते रीवा शहर के विकास का दायित्व बखूबी निभा रहे हैं. रीवा शहर को मन लगाकर सजाया इसमें कोई दो राय नहीं. रीवा के अंदर फ्लाई ओवर, ओवर ब्रिज, अच्छी बिल्डिंग, अच्छी सड़क का निर्माण कराया गया. रीवा शहर के अंदर दो पुराने तालाबों को जिसमें एक तालाब रानी तालाब और दूसरा रतहरा तालाब का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण कराया गया। दोनों तालाब रीवा शहर के आकर्षण केन्द्र हैं। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं. उक्त बातें गाँधी विचार मंच के संयोजक रामेश्वर गुप्ता मनगवा ने प्रेस विज्ञप्ति में कही. श्री गुप्त ने कहा कि राजेन्द्र शुक्ल अब रीवा के विधायक के साथ-साथ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री भी है, जिसके कारण पूरे प्रदेश में विकास की योजनाएं उनके द्वारा बननी चाहिए, लेकिन देखा यहां जा रहा है कि रीवा शहर के नजदीक मलकपुर तालाब जो लगभग 130 एकड़ का है. कई विधायक कई बड़े राजनेता आए और चले गए, लेकिन मलकपुर तालाब आज भी सूखा पड़ा हुआ है. मलकपुर तालाब मनगवां विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आता है. जहां से पचूलाल प्रजापति, शीला त्यागी, पन्ना बाई व गिरीश गौतम के बाद वर्तमान मे नरेंद्र प्रजापति का भी कार्यकाल पूर्ण होने को जा रहा है, लेकिन मलकपुर तालाब आज भी बाणसागर नहर के पानी का इंतजार कर रहा है. श्री गुप्त ने आगे कहा कि मलकपुर तालाब से जहाँ एक ओर घटते जल स्तर जनता को निजात मिलेगी, वहीं इस भीषण गर्मी मे पशु पक्षी मानव को पानी मिल पाएगा. राम गांधी विचार मंच के संयोजक रामेश्वर गुप्ता ने कहा कि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के द्वारा एक नहीं कई बार मलकपुर तालाब में पानी भरने की बात भरे मंच से कही गई, किन्तु आज भी मलकपुर तालाब में सूखा पड़ा है. श्री गुप्त ने कहा कि क्षेत्र के विधायक ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला को इस बात की जानकारी नहीं दी जा रही है कि मलकपुर तालाब से क्षेत्र की जनता को कितना फायदा होगा. यदि मलकपुर तालाब का सौंदर्यीकरणकरण कर दिया जाय तो तैराकी प्रशिक्षण केंद्र और मछली पालन का काम भी शुरू किया जा सकता है. जहां मलकपुर तालाब आकर्षण का केंद्र बनेगा, वहीं लोगों को रोजगार और नौका विहार का अवसर मिलेगा। मलकपुर तालाब में बाणसागर का पानी भरने के लिए गांधी विचार मंच के संयोजक रामेश्वर गुप्ता के द्वारा 10 अप्रैल से मलकपुर तालाब में अन्न-ज़ल त्याग कर आत्मदाह का संकल्प लिया गया है. अब देखना यह है कि शासन प्रशासन और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के द्वारा मलकपुर तालाब का उन्नयन कब से शुरू कराया जाएगा.

# एचपीवी टीकाकरण का लक्ष्य 11 अप्रैल तक पूरा करें - कलेक्टर एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की विकासखण्ड वार जानकारी प्रतिदिन दे



**रीवा** । कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीके निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। विश्व भर में सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे कारगर उपाय एचपीवी टीका ही है। मैंने स्वयं भी यह टीका लगवाया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ जिले भर में जागरूकता अभियान चलाकर एचपीवी टीकाकरण से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कराएं। यह टीका पूरी तरह से सुरक्षित और कारगर है। जिले में अब तक चार हजार से अधिक किशोरियों को यह टीका लगवाया जा चुका है। इनमें से किसी को भी कोई कठिनाई नहीं हुई है। टीका लगवाने वाली किशोरियों तथा उनके अभिभावकों के अनुभव सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से आमजनता में पहुंचाएं। सही जानकारी होने पर हर माता-पिता अपनी बेटी को सर्वाइकल कैंसर जैसी घात्क बीमारी से बचाने के लिए यह टीका अवश्य लगवाएंगे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी तथा संकुल प्राचार्य स्कूलवार पात्र छात्राओं की सूची बना लें। इसमें 14 और 15 वर्ष की किशोरियों के घर जाकर उनके अभिभावकों से टीका लगाने के संबंध में सहमति पत्र प्राप्त करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला चिकित्सालय, मेडिकल कालेज तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में टीकाकरण दल तैनात करें। आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर एचपीवी टीका लगवाने के लिए बेटियों और उनके परिवारजनों को प्रेरित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एचपीवी टीकाकरण प्रगति की प्रतिदिन विकासखण्डवार रिपोर्ट प्रस्तुत करें। टीकाकरण के लिए 11 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर टीकाकरण शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कराएं। सभी छात्रावासों में रह रही 14 और 15 वर्ष की किशोरियों को भी एचपीवी टीका अनिवार्य रूप से लगवाएं। कलेक्टर ने एचपीवी टीकाकरण की अपेक्षा के अनुरूप प्रगति न होने पर आगामी आदेश तक सभी बीएमओ तथा जिला टीकाकरण अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को शहरी क्षेत्र के स्कूलों में टीकाकरण के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने एचपीवी टीकाकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बीएमओ, बीईओ, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रीवा सुनियोजित विकास का सपना लेकर आगे बढ़ रहा है : उप मुख्यमंत्री लोक निर्माण भवन का लोकार्पण भी किया



**रीवा**। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा सुनियोजित विकास का सपना लेकर आगे बढ़ रहा है। सिंचाई की सुविधाओं, सड़कों के निर्माण एवं अधोसंरचना विकास के साथ ही अन्य विकास के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग का अत्याधुनिक कार्यालय भवन विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए एक सौगात है। अच्छे कार्यालय में बैठकर वह बेहतर मनः स्थिति के साथ अधिक ऊर्जा से अपने कार्यों का संपादन कर सकेंगे। उप मुख्यमंत्री ने 350.16 लाख रुपए की लागत से मध्यप्रदेश पुनर्घनत्वीकरण योजना से निर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पीडब्ल्यूडी कार्यालय में मुख्य अभियंता से लेकर अन्य अधिकारी और कर्मचारी एक ही छत के नीचे बैठेंगे तो उन्हें भी कार्य करने में आसानी होगी और लोगों को भी सुविधा मिलेगी। शुक्ल ने कहा कि रीवा में आधुनिक जरूरतों को पूरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। हमें स्वस्थ रहने के लिए भारतीय प्राचीन परंपरा में लौटना होगा और प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि नियमित जीवनशैली व शुद्ध खानपान से ही विकास का फल आनंदपूर्वक लिया जा सकेगा। रीवा जिला गौ संरक्षण के साथ ही प्राकृतिक खेती की दिशा में आगे बढ़ रहा है। शरीर व जमीन को स्वस्थ रखने के लिए प्राकृतिक खेती अपनाना आवश्यक है। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन में मुख्य अभियंता केके लक्षे ने कहा कि विभाग को भव्य और बेहतरीन भवन मिल गया है। हमारे विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पूरी गुणवत्ता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे। तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि 1450 वर्गमीटर में 350.16 लाख रुपए की लागत से तीन तल का लोक निर्माण विभाग का कार्यालय भवन निर्मित किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पार्षद अनीता वर्मा, अमिता सिंह, ज्योति सिंह, राजीव शर्मा, मण्डल अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, भूतपूर्व संयुक्त संचालक डॉ. राजेश मिश्र, कार्यपालन यंत्री नितिन पटेल, हिमांशु वर्मा, संविदाकार राजेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय शुक्ला ने किया।

# कन्या विवाह योजना में हस्ताक्षर के नाम पर 10 हजार रुपये मांगने का मामला

**परिजन पहुंचे जनपद कार्यालयग्राम पंचायत गोरगी का मामला, आवेदन पूर्ण होने के बावजूद सचिव पर पैसे मांगने का आरोप**

**रीवा**। जिले के जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरगी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आवेदन करने वाले एक परिवार ने पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करने के एवज में उनसे 10 हजार रुपये की मांग की जा रही है। इस कथित भ्रष्टाचार से परेशान होकर पीड़ित परिवार जनपद पंचायत रीवा कार्यालय पहुंचा और अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई।

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित परिवार ने अपनी पुत्री के विवाह हेतु मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भरकर जमा किया था। आवेदन में आवश्यक सभी दस्तावेज संलग्न किए गए हैं और औपचारिकताएं भी पूरी कर ली गई हैं। इसके बावजूद ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव राजेश सिंह द्वारा हस्ताक्षर करने के लिए पैसों की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित पिता ने बताया कि सचिव द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से विवाह कराने पर शासन की ओर से 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है, इसलिए आवेदन को आगे बढ़ाने और हस्ताक्षर करने के लिए पहले 10 हजार रुपये देने होंगे। बिना राशि दिए कार्य नहीं किया जाएगा। परिजनों का कहना है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर हैं और बेटी के विवाह के लिए ही योजना का सहारा ले रहे हैं। ऐसे में रिश्वत की मांग उनके लिए असहनीय है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि अन्य जरूरतमंद परिवारों को इस प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# शहर को मिलेंगे आधुनिक आरओ वाटर एटीएम, महापौर ने निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



**रीवा**। शहरवासियों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर की अनूठी पहल के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे आधुनिक आरओ वाटर एटीएम प्लांट का निरीक्षण महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इस वाटर एटीएम प्लांट की कुल क्षमता 8000 लीटर है, जिसमें सीधे वाटर प्यूरीफायर के माध्यम से पानी को शुद्ध कर ठंडा किया जाएगा। साथ ही, 5000 लीटर क्षमता के टैंक के माध्यम से निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। आधुनिक तकनीक के माध्यम से सेंसर द्वारा सभी वाटर एटीएम के वाटर लेवल भी प्लांट में प्रदर्शित होंगे, जिससे जल आपूर्ति की निगरानी रखी जा सकेगी।नगर निगम द्वारा वर्तमान में शहर में 5 आरओ वाटर एटीएम प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जिनका 08 अप्रैल 2026 को महापौर द्वारा लोकार्पण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, शहर के विभिन्न स्थानों पर 7 नए प्लांट शीघ्र ही स्थापित किए जाएंगे। इस प्रकार शहर में कुल 12 आरओ वाटर एटीएम स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महापौर ने कहा कि नगर निगम रीवा द्वारा शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस आरओ वाटर एटीएम स्थापित किए जा रहे हैं। यह पहल न केवल जनसुविधा को बढ़ाएगी, बल्कि गर्मियों के मौसम में राहगीरों और शहरवासियों को स्थायी शीतल जल भी मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि प्यूरीफाइड जल स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्लांटों का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य रवि तिवारी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक यंत्री अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, जनप्रतिनिधि अशोक पटेल, सहित अन्य मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े सास-बहू से लूट, रानी तालाब पार्क में हथियारबंद बदमाशों ने तोड़े सोने के मंगलसूत्र और हार

**रीवा**। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रानी तालाब पार्क में रविवार दोपहर एक सनसनीखेज लूट की वारदात सामने आई है। जहां घूमने गई सास-बहू को निशाना बनाते हुए 4-5 हथियारबंद बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने के मंगलसूत्र और हार तोड़ लिए तथा कट्टा दिखाकर मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहडोल जिले के सोहागपुर निवासी कृष्णा वर्मा अपने परिजनों के साथ रीवा के घोघर क्षेत्र में आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। रविवार को वह अपनी बहू अंकिता वर्मा सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रानी तालाब मंदिर में दर्शन करने के बाद पास स्थित पार्क में घूम रही थीं। इसी दौरान अचानक 4 से 5 बदमाश वहां पहुंचे और सास-बहू के गले पर झपट्टा मार दिया। बदमाशों ने कृष्णा वर्मा के गले से एक मंगलसूत्र और एक सोने का हार, जबकि उनकी बहू अंकिता वर्मा के गले से दो मंगलसूत्र तोड़ लिए। वारदात के दौरान एक बदमाश के हाथ में कट्टा तथा अन्य के पास चाकू जैसे हथियार होने की बात सामने आई है। घटना के समय साथ मौजूद एक युवक ने बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने हथियार दिखाकर उसे धमकाया और पार्क की बाउंड्री कूदकर फरार हो गए। पीड़ित महिलाओं ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। हालांकि, अगले दिन भी जब कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई, तो पीड़ित पक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय और त्वरित कार्रवाई की मांग की। रानी तालाब पार्क शहर का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे व्यस्त और सार्वजनिक स्थल पर दिनदहाड़े इस तरह की लूट की घटना ने आम नागरिकों में भय का माहौल पैदा कर दिया है।

# मऊगंज जिला भाजपा कार्यालय का हुआ भूमि पूजन, उप मुख्यमंत्री सहित कई दिग्गज हुए शामिल



**मऊगंज**। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार 06 अप्रैल 2026 को भाजपा जिला कार्यालय मऊगंज के भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजन कियागया। कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे चाक मोड़ स्थित पुलिस कंट्रोल रूम परिसर बगल में संपन्न होगा भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल किया। मऊगंज मे उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, प्रभारी मंत्री लखन पटेल, संभाग संगठन प्रभारी विजय दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा, जिला प्रभारी शशांक श्रीवास्तव, रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं देवतालाब विधायक गिरीश गौतम, मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल तथा जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल सहित कई जनप्रतिनिधियों की शामिल रहे।

# जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज ने जनहित मुद्दों को लेकर प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**मऊगंज** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री स्वतंत्र प्रभार व मऊगंज जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल के मऊगंज प्रवास के दौरान जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज द्वारा मऊगंज जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, जिला पंचायत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख कार्यालयों का संचालन मऊगंज में कराने, रीवा मिर्जापुर रेल लाईन को मऊगंज जिले के मुख्यालय से जोड़ने, जिला व सत्र न्यायालय मऊगंज में स्थापना कराने, सीतापुर हनुमना सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को शीघ्र पूरा कराने, बेरोजगार युवाओं के लिये उद्योगों की स्थापना, महिला कालेज खोले जाने, मऊगंज जिले में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार करने के प्रमाणित कार्य करने, जिले में केन्द्रीय विद्यालय व नवोदय विद्यालय की स्थापना, नगरीय क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त कर सुविधाजनक नालीयुक्त सड़को का निर्माण पूर्ण कराने, न्यायालयों में पड़े लंबित राजस्व मामलों के निवारण के लिये शिविरों का आयोजन करने, अभिलेखागार का संचालन तत्काल मऊगंज में कराने, कोषालय (ट्रेजरी) का कार्यालय मऊगंज में शीघ्र संचालित कराने, जिले मे संचालित गौशालाओं में व्याप्त अनियमितताओं को दूर कर सुविधाजनक गौशालाओं का संचालन सुनिश्चित कराने व जिले के लोगों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण जनहित मुद्दों को लेकर परिषद् के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने ज्ञापन सौंपा। जिस पर चर्चा के उपरांत प्रभारी मंत्री ने समस्याओं के निराकरण करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता संघ मऊगंज के अध्यक्ष हरिहर प्रसाद शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी कर्दम ऋर्षि, पूर्व शिक्षक व समाजसेवी पं. केशव प्रसाद मिश्र, विद्याधर मिश्र पैपखार, पूर्व सरपंच सत्यनारायण वर्मा व पारसनाथ शुक्ला, अधिवक्ता जे.पी. पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश मिश्रा, अधिवक्ता महेन्द्र मिश्रा उमेश द्विवेदी, नीलेश द्विवेदी प्रमुख रूप से शामिल थे।